__/__/____

Tender Heart School, Sector 33-B, Chandigarh

Date -                                        Class - VI
Subject - Hindi Language                     Page - 1
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

पुस्तक - आमोद (भाग-6)

विलोम शब्द

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

यह पाठ कक्षा छठी की हिन्दी व्याकरण का है। इस पाठ में हम 'विलोम शब्द' करेंगे। यह पाठ आपको 8 नवंबर, 2021 को भेजा जाएगा। सबसे पहले हम विलोम शब्दों के बारे में समझेंगे।

'विलोम शब्द'

(क) हमारी शिक्षिका कहती हैं कि सदा सबसे प्रेम करो घृणा नहीं।
(ख) मैं वीर बनूँगा, कायर नहीं।
(ग) हमें सबको अपना मानना चाहिए पराया नहीं।

बच्चो ! अब इन तीनों वाक्यों को ध्यान से देखो इनमें हर वाक्य में रेखांकित शब्दों के युगल एक दूसरे के विपरीत अर्थ दर्शा रहे हैं। यही विलोम शब्द हैं।

जैसे :- (क) वाक्य में प्रेम का विलोम शब्द घृणा है।
(ख) वाक्य में वीर का विलोम शब्द कायर है।
(ग) वाक्य में अपना का विलोम शब्द पराया है।

Scanned with CamScanner

Date -  Class - VI
Subject - Hindi Language  Page-2
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

इस प्रकार :-

किसी शब्द का विपरीत या उलटा अर्थ देने वाले शब्द विलोम शब्द कहलाते हैं।

बच्चो! नीचे कुछ विलोम शब्द दिए गए हैं। इन्हें ध्यान से पढ़ें, समझें एवं अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखें।

| शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|
| अनातुर | आतुर |
| ईश्वर | अनीश्वर |
| उत्तर | दक्षिण |
| उर्वरा | बंजर |
| उषा | संध्या |
| उत्कर्ष | अपकर्ष |
| एकता | अनेकता |
| कीर्ति | अपकीर्ति |
| खंडन | मंडन |
| गति | अवरोध |
| घृणा | प्रेम |
| छूत | अछूत |
| ज्येष्ठ | कनिष्ठ |
| तिमिर | प्रकाश |
| न्यून | अधिक |
| स्थूल | सूक्ष्म |
| अपचार | उपचार |
| उच्च | निम्न |

Scanned with CamScanner

Date -                Class - VI
Subject - Hindi Language        Page - 3
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

| | |
|---|---|
| उचित | अनुचित |
| उत्तीर्ण | अनुत्तीर्ण |
| उदार | कृपण |
| उपयोग | अनुपयोग |
| कर्कश | मधुर |
| कुटिल | सरल |
| खरा | खोटा |
| गुरु | लघु |
| चिरायु | अल्पायु |
| जंगम | जड़ / स्थावर |
| तीव्र | मंद |
| धरा | गगन |
| परोक्ष | प्रत्यक्ष |
| क्षणिक | शाश्वत |

गृह कार्य :-

बच्चो ! आप इन सभी विलोम शब्दों को अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे एवं याद करेंगे ।

धन्यवाद !

Last page

Scanned with CamScanner